बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
॥ श्री हरिः ॥
# सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
शनिवार
20 जनवरी, 2018
www.sanmarg.in





नशा मुक्ति अभियान : ईसीएल, एनआईओएच व आईसीएमआर के संयुक्त तत्वावधान में सिया कोलियरी व आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान अमित चक्रवर्ती, डॉ. सौरभ चटर्जी, डॉ पूर्णिमा जैन, निशाहरी मैथ, डॉ. आरआर के सिंह और डॉ. जयजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

## आसनसोल

गुजारा भत्ता नहीं देने पर गिरफ्तार : आसनसोल अदालत द्वारा जारी आदेश के बावजूद नियमित रूप से पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं देने के मामले में अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर जामुड़िया थाना पुलिस ने संदीप मंडल को गिरफ्तार किया। आरोपी को शुक्रवार को आसनसोल अदालत में पेश किया।

# वार्षिक खेल-कूद का आयोजन



**विजेता विद्यार्थियों के साथ साइनी दास, प्रतीक गोयनका व अन्य**

**सन्मार्ग संवाददाता**

**आसनसोल :** एथोड़ा बाईपास स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के 5वें वार्षिक खेल-कूद का आयोजन स्कूल मैदान में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय तैराक साइनी दास ने मशाल प्रज्ज्वलित कर खेल-कूद का शुभारंभ किया। स्कूल की ओर से मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व 25 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों ने ड्रिल व मार्च पास्ट पेश किया। इस अवसर पर दौड़, ऊंची व लम्बी कूद, गेद थ्रो, रिले रेस सहित कई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल आरडी शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल-कूद भी बच्चों के लिये बहुत जरूरी है। शिक्षा से मानसिक व खेल-कूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। मौके पर स्कूल प्रबंधन ट्रस्टी प्रांतिक गोयनका, खेल शिक्षिका गुड़िया कुमारी सिंह, स्कूल को-ऑर्डिनेटर अनुपूर्णा शर्मा, कार्यालय को-ओर्डिनेटर राहुल प्रसाद के अलावा अन्य कई शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।